देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 166 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** बंटे कैसे वैक्सीन



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0° | 37244.59

2 नेपाली पीएम के नहीं बदल रहे सुर | 7 पंजाब के बल्लेबाजों का कब्जा

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य निर्माण के शहीदों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुजफ्फरनगर कांड (रामपुर तिराहा) की बरसी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा कि ''उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को मैं श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं, अमर शहीदों की कुर्बानियों को सदैव याद रखा जायेगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य को देश का आदर्श राज्य बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना है, जिससे कि राज्य आन्दोलन के शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है।

# तीन चरणों में खोले जाएंगे स्कूल

## स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों समेत सभी पक्षों की आम राय से खोले जाएंगे स्कूलः शिक्षामंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में राज्य सरकार ने स्कूलों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। गुरुवार दोपहर 12 बजे बैठक के बाद शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने उत्तराखंड में स्कूलों को लेकर ऐलान करते हुए कहा कि फिलहाल उत्तराखंड में तीन चरण में स्कूलों को खोला जाएगा। पहले चरण में कक्षा 9 से 12 तक, दूसरे चरण में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को और तीसरे चरण में पांचवीं तक स्कूलों को खोला जाएगा। अगले एक सप्ताह में सभी जिलों अधिकारी 7 दिन के भीतर शासन को रिपोर्ट सौंपेंगे। जिसके बाद कैबिनेट में यह फैसला लिया जाएगा। मुख्य सचिव की उपस्थिति में करीब एक घंटे चली बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके साथ उन्होंने कहा कि

**राज्य सरकार का बड़ा फैसला**

**सभी जिलाधिकारियों को एक सप्ताह में अपने जिले से संबंधित फीडबैक शासन को भेजने के निर्देश**


गांधी जयंती को लेकर आयोजन में सिर्फ शिक्षक शामिल होंगे। सिर्फ शिक्षकों को शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होंगे। छात्रों को शामिल नहीं किया जाएगा।

अनलॉक-पांच को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी कर दी है। केंद्र ने स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों को खोलने की अनुमति दी है। यह गाइडलाइन रात्रि जारी होने की वजह से प्रदेश में गुरुवार तक व्यवस्था पूर्ववत रहेगी। प्रदेश सरकार ने 30 सितंबर तक



स्कूल-कॉलेज बंद रखने का आदेश जारी किया था। केंद्र के निर्देशों के मुताबिक आगे इस संबंध में राज्य सरकार को खुद फैसला लेना है।

शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने कहा कि प्रदेश में स्कूलों को खोलने के बारे में सभी पक्षों से चर्चा के बाद ही फैसला लिया जाएगा। गुरुवार को दोपहर 12 बजे सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में तमाम पहलुओं पर विचार किया किया गया। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने बताया कि स्कूलों को खोलने के बारे में हर जिले से फीडबैक लिया जाएगा। इस संबंध में सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद तय होगा कि 15 अक्टूबर से स्कूल खोले जाएं या नहीं। पहले चरण में 9वीं से 12वीं तक कक्षाएं चलेंगी, जबकि दूसरे चरण में छठी से 8वीं तक कक्षाएं शुरू की जाएंगी।




# जल जीवन मिशन में दैनिक लक्ष्य बनाकर काम करें: सीएम

## 100 दिनों में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी का कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। हर जिलाधिकारी के पास शाम को यह सूचना होनी चाहिए कि उनके जिले में उस दिन कितने घरों को पानी का कनेक्शन दिया गया। इस सूचना से जिलाधिकारी, शासन को भी नियमित रूप से अवगत कराएं। रोजाना के टार्गेट तय कर मिशन मोड में काम किया जाए। मुख्यमंत्री सीएम आवास में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और जिलाधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री जी का प्रमुख कार्यक्रम है। ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों में पानी का कनेक्शन के साथ ही समुचित पेयजल की उपलब्धता और इसकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित करनी है। इसमें सभी को मिलकर अधिक मेहनत और कमिटमेंट के साथ काम करना होगा। जल्द से जल्द विलेज एक्शन प्लान तैयार कर उसके अनुरूप काम किया जाए। प्रधानमंत्री जी ने राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 1 रूपए में पानी का कनेक्शन दिए जाने की प्रशंसा कर हम सभी का उत्साह बढ़ाया है। अब हमें दोगुने उत्साह से काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुसार 2 अक्टूबर से 100 दिनों के अंदर सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी का कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रेप नहीं हुआ, गले में चोट की वजह से हुई मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हाथरस। उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीजी लॉ ऍंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने मंगलवार को दावा किया कि हाथरस में 19 साल की युवती के साथ रेप नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि युवती की मौत गले में चोट लगने और उसके कारण हुए सदमे की वजह से हुई थी। फॉरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट से भी यह साफ जाहिर होता है कि उसके

**जातीय माहौल बिगाड़ने वाले लोगों पर होगी कार्रवाईः एडीजी**

साथ बलात्कार नहीं हुआ।

प्रशांत कुमार ने कहा कि वारदात के बाद युवती ने पुलिस को दिए बयान में भी अपने साथ बलात्कार होने की बात नहीं कही थी। उन्होंने कहा कि उसने सिर्फ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था। कुमार ने कहा कि सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने और जातीय हिंसा भड़काने के लिए कुछ लोग तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं।

हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात करने के लिए जाने जा रहे राहुल व प्रियंका गांधी को पुलिस ने रोक दिया है। इन्हें हिरासत में लेकर पुलिस ग्रेटर नोएडा के एक गेस्ट हाउस ले गई। फॉर्मूला वन ट्रैक गेस्ट हाउस से राहुल गांधी और प्रियंका को लेकर पुलिस दिल्ली सीमा तक लेकर आयी।